The foreign policy of Bangladesh under the leadership of Sheikh Hasina Wajid has been characterized by a pragmatic and proactive approach aimed at safeguarding national interests, promoting regional stability, and enhancing international cooperation. Over the past decade, Sheikh Hasina's government has pursued a multifaceted foreign policy agenda that reflects Bangladesh's evolving role in the global arena.Under Sheikh Hasina's leadership, Bangladesh has sought to strengthen its ties with neighboring countries through initiatives such as the Bangladesh-India Friendship Treaty and sub-regional cooperation mechanisms like BIMSTEC (Bay of Bengal Initiative for Multi-Sectoral Technical and Economic Cooperation). At the same time, Bangladesh has expanded its engagement with major powers such as China, the United States, and Japan, seeking to leverage economic opportunities and address strategic challenges.One of the defining features of Bangladesh's foreign

policy under Sheikh Hasina has been its emphasis on South-South cooperation and development partnerships. Through initiatives like the South Asian Association for Regional Cooperation (SAARC) and the Dhaka Declaration on South-South Cooperation, Bangladesh has sought to promote solidarity among developing countries and address common challenges such as poverty, climate change, and sustainable development.Furthermore, Sheikh Hasina's government has prioritized efforts to address transnational issues such as terrorism, extremism, and climate change through active participation in global forums and initiatives. Bangladesh has emerged as a leading voice in the fight against terrorism and extremism, while also advocating for greater international action to mitigate the impacts of climate change on vulnerable countries.**In conclusion**, the foreign policy of the Sheikh Hasina Wajid government in Bangladesh reflects a balanced and forward-looking approach that seeks to advance the country's interests on the global stage. By fostering regional cooperation, enhancing diplomatic engagement, and addressing common challenges, Bangladesh under Sheikh Hasina's leadership has positioned itself as a constructive and responsible actor in the international community, contributing to peace, stability, and sustainable development in the region and beyond.

**References**

*1. Mohd, Tajuddin, (2001) Foreign Policy of Bangladesh Liberation War to Sheikh Hasina, National Book Organisation.*

*2. A. K. M. Abdur Rahman (Edited) (2018) Changing Global Dynamics Bangladesh Foreign Policy, Dhaka, Pathak Shamabesh.*

*3. Singh, Nagendra Kr, (2003) Bangladesh: Diplomacy and Foreign Policy, Delhi, Anmol Publications Pvt. Limited.*

*4. Chauhan ,Kirti Singh , (2012).Foreign Policy of Bangladesh, New Delhi, Kaveri Books.*

*5. Chakravarti, S R, (1994) Foreign Policy of Bangladesh, Har-Anand Publications.*

*6. Rahman ,Md. Sayedur (2022) Bangladesh foreign policy towards India: Late 20th - Early 21st Century (Economic Aspect), Asian Profile.*

*7. Pattanaik, S.S. (2005). Internal political dynamics and Bangladesh's foreign policy towards India. Strategic Analysis.*

*8. Rashid, H.U. (2010). Bangladesh foreign policy: Realities, priorities and challenges, Dhaka: Academic Press and Publishers Library.*

*9. Ahmed, E. (ed.). (1984). Foreign policy of Bangladesh: A small state's imperative. Dhaka: University Press Ltd.*

*10. Hassan, S. (eds), Issues and challenges facing Bangladesh foreign policy, Dhaka: Bangladesh Society of International Studies.*

*11. Ahmed, M. & Kalam, A. (eds), Bangladesh foreign relations: Changes and directions Dhaka: University Press Ltd.*

*12. Bangladesh. BIISS Journal (Dhaka), 12(3).*

*13. Kumar, A. (2010). Shaikh Hasina's visit to India and the future of Indo-Bangladesh Relations. Asian Affairs, 41(3).*

*14. Ministry of External Affairs, Government of India. (2012). India–Bangladesh relations. Retrieved from* ***http://mea.gov.in/mystart.php?id=50042439***

**About The Author :** Dr Kapil Kumar Anand is working in S.S. Jain Subodh P.G. College for the past 17 years. His area of specialization is International relations & Politics particularly South Asian Region like India's Foreign Policy with special reference to its Neighbours (Bangladesh, Nepal, Sri Lanka & China) He is a regular and wonderful orator on Doordarshan programmes about India s relations with the world.

# लोक देवता बाबा रामदेवजी का एक महान समाज सुधारक के रूप में ऐतिहासिक विवेचन

**डॉ. राकेश कुमार धाबाई**

**सार संक्षेप :**

राजस्थान की धार्मिक परम्परा एवं संस्कृति में अनेक लोक देवता और लोक देवियों की मान्यता है, जिन्होंने अपने समाज सुधारात्मक कार्यो, वीरत्व तथा गौरक्षा आदि कार्यो से समाज में एक प्रमुख स्थान प्राप्त कर लिया तथा लोक देवता एवं लोक देवी के रूप में स्थान प्राप्त कर लिया है। इन्हीं लोक देवताओं में से एक प्रमुख बाबा रामदेव जी है जिनका जन्म तो ऊँडकासभेर (बाड़मेर) में तंवर वंश में हुआ परन्तु इनकी कर्मस्थली पोकरण एवं रूणेचा (जैसलमेर) स्थल रहा। यहाँ पर इन्होंने कई चमत्कार (पर्चे) किये तथा समाज सुधार के कार्य किये जिनके कारण सम्पूर्ण मारवाड़ में इनकी प्रसिद्धि फैल गई। इन्होंने रूणेचा में जीवित समाधि ली। यहीं इनका प्रमुख मन्दिर स्थित है जहाँ प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल द्वितीया को विशाल मेला लगता है जो साम्प्रदायिक सद्भाव का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है।

हिन्दू लोग इन्हे श्रीकृष्ण के अवतार के रूप में पूजते है जबकि मुसलमान रामसा पीर के रूप में पूजते है। इन्होंने अपने जीवन काल में निम्न वर्ग के उत्थान तथा सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिये विशेष प्रयास किये जो इनकी धार्मिक मान्यता से अलग है। इसी प्रकार इन्होने साम्प्रदायिक सद्की स्थापना भी की। इन्होंने कामड़िया पंथ की स्थापना की तथा जम्मा जागरण की परम्पर प्रारम्भ कर सामाजिक समरसता स्थापित करने का प्रयास किया। रामदेव जी राजस्थान के पंच पीरो में से एक है जिन्हें 'पीरो का पीर' कहा जाता है।

**संकेताक्षर** :

जम्मा जागरण, पीर, रुणेचा, नेजा, साम्प्रदामिक सद्, निम्नोत्थान, समाधि, मूर्तिपूजा, जातिप्रथा, पंथ, कामड़िया पंथ, तेरहताली नृत्य, भाद्रपद शुक्ल द्वितीया, पगलिये, थान, ऊँडकासमेर, बाबा की बीज, रीखिया।

लोक देवता बाबा रामदेवजी का नाम राजस्थान के पंच पीरों में बड़ी श्रद्धा से लिया जाता है।

**पाबू, हरभू, रामदे मांगलिया मेहा।**

**पांचू पीर पधारज्यो, गोगा जेहा।।**[1]राजस्थान के पंच पीरों में भी रामदेव जी को प्रमुख पीर माना गया है इसीलिए इन्हें **'पीरो का पीर'** कहा जाता है। रामदेव जी

अन्य कई नामों से भी जाने जाते है जैसे रामसापीर, पीरो के पीर, रुणेचा का धणी, बाबा रामदेव जी आदि। ये न केवल राजस्थान अपितु उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात आदि राज्यों में आराध्य देव के रूप में पूजे जाते है जो इनकी लोकप्रियता को प्रदर्शित करता है।[2]

रामदेव जी के धार्मिक कार्यो का विस्तृत विवेचन काफी साहित्यों में प्राप्त होता है परन्तु उनके द्वारा अपने जीवनकाल में किये गये सामाजिक समानता के कार्य, निम्नोत्थान तथा साम्प्रदायिक सद्से सम्बन्धित कार्य भी. अत्यन्त महत्वपूर्ण है उन्हीं को इस शोध – पत्र में बताने का प्रयास किया गया है।

तंवर वंशीय अजमाल जी और मैणादें के पुत्र रामदेव जी का जन्म बाड़मेर जिले के शिव तहसील के ऊँडकासमेर गाँव में हुआ।



लोक देवता बाबा रामदेव वागड़ प्रदेश में ही नहीं पूरे उत्तर भारत के गांव–गांव और घर–घर में राष्ट्रीय एकता के प्रतीक बाबा रामदेवजी की पूजा श्रद्धापूर्वक की जाती है। वे तंवरवंशीय राजपूत थे[3] तथा अजमालजी के पुत्र थे। इनकी जन्मतिथि अज्ञात है लेकिन डॉ. पेमाराम ने उन्हें एक अन्य लोक देवता मल्लीनाथ (1358–1399 ई.) का समकालीन बताया है।[4] मल्लीनाथजी ने रामदेवजी को पोकरण का इलाका दिया था पोकरण में उन्होने भैरव नामक एक क्रूर व्यक्ति का दमन कर पोकरण को पुनः आबाद किया, जिससे वे काफी लोकप्रिय हो गये। रामदेवजी ने अपनी भतीजी के विवाह में पोकरण दहेज में दे दिया और तत्पश्चात रामदेवरा नामक गांव बसाया जो "रूणेचा" भी कहलाता है यहीं पर उन्होने 1458 ई. में जीवित समाधि ले ली थी।[5]

हिन्दू मुस्लिम एकता के साक्षात प्रतीक बाबा रामदेव की गिनती देश के गिने चुने महान समाज सुधारको में की जाती है। उनका कहना था कि मनुष्य अपने कर्मो से इस संसार के आवागमन के चक्कर में फंसा रहता है जिससे मुक्ति प्राप्त करने का एकमात्र साधन ईश्वर का नाम स्मरण है।

बाबा रामदेव जी के जन्म से पूर्व देश की दशा खराब थी। लोग अंधविश्वास और धर्मान्ध थे। साम्प्रदायिकता जोरों पर थी ऐसे समय में बाबा रामदेव ने समानता, भाई–चारे और एकता पर बल दिया और जन साधारण से आपसी ईर्ष्या और स्वार्थ त्याग कर प्रेम पूर्वक रहने को कहा। बाबा ने ऊँच–नीच छोटे–बड़े का भेदभाव भुलाकर आपस में भाईचारे से रहने की सीख दी।

भणिया पुस्तक वांचलो पढ़ लो वेद कुरान।

सांई म्हारो लेखो मांगसी हिन्दू–मुसलमान।।

उन्होने लोगों को साम्प्रदायिकता के खतरे से सचेत किया इसलिए कहा जाता है कि एक दफा पांच पीर बाबा रामदेवजी के पास आये और उनके चमत्कारिक व्यक्तित्व से प्रभावित होकर मुस्लिम समाज में बाबा रामदेव के मानव कल्याणकारी संदेश का प्रचार–प्रसार किया तथा पीरो का पीर कहा। इससे मुसलमान भी बड़े प्रभावित हुए और बाबा की पूजा करने लगे इसका हिन्दू–मुस्लिम दोनों वर्गों पर गहरा असर पड़ा और वे एक–दूसरे के सुख–दुःख में हाथ बंटाने लगे। इसी कारण रामदेवजी की गणना पांच पीरों में होती है।

पाबू हडबू रामदे मांगलिया मेहा।

पांचो वीर पधारजो, गोगाजी जेहा।।[6]

बाबा रामदेव की गिनती देश के अछुतोद्वारको में प्रमुखता से की जाती है। उस समय राज्य में छुआ–छूत प्रथा का जोर था और दीनहीनों की सामाजिक आर्थिक दशा खराब थी। बाबा रामदेव ने छूआछूत उन्मूलन के लिए समर्पित भाव से कार्य ही नहीं किया अपितु अपने परिवार के साथ उसका पालन–पोषण भी किया। वे अछूतों के साथ बैठते उठते और खाते पीते थे इससे उन्हें अपने राजपूत जाति के विरोध का सामना भी करना पड़ा मगर वे विरोध की परवाह न करते हुए अछूतोद्वार के कार्य में जुटे रहे। छुआछुत और भेदभाव के सम्बन्ध में रामदेवजी ने कहा–

मेटो भेद अभेद कर लेगा दुरमत दूर मिटाया।

अनेकूं रीत और कर देखी है सब मित्रगुण माया।।

बाबा रामदेव ने भेदभाव मिटाकर एक ही ईश्वर का संदेश देते हुए कहा–

"सब में अंश ईश्वर का देखे चली शक्ति की धारा" बाबा रामदेव ने रामदेवरा ग्राम की स्थापना की और ग्रामवासियों के लिए पेयजल आपूर्ति हेतु बावड़ी का निर्माण किया। बाबा रामदेव अपने लौकिक कार्यों के साथ अलौकिक कार्यों के लिए भी प्रसिद्ध हुए। प्रचलित मान्यताओं के अनुसार माता मेणादे का संशय निवारण, दर्जी को चमत्कार दिखाना, भैरव राक्षस का वध, खाती को पुर्नजीवित करना, डूबते जहाज को बचाना, लक्खी बणजारे को चमत्कार दिखाना, अपंगता दूर करना आदि प्रमुख है। लोक देवता बाबा रामदेव के गीत भजन आदि आज भी गांव–गांव में श्रद्धा के साथ गाये जाते है। बाबा के रात्री जागरण होते है।

'छम छम छमके है बाबाथारो देवरा

अणा देवरां पर उड़े है गुलाल,

रोणिजा वाळला बाबा रे।'

रेल और सड़क मार्गो से जुड़े होने के बावजूद हजारों लोग दो सौ तीन सौ कि.मी. की

पैदल यात्रा करके यहां आने में अपने आपको धन्य समझते है और अपनी मनौतियां मांगते है। भक्तों ने उन्हें भगवान कृष्ण का अवतार माना है। प्रचलित जन विश्वासों के अनुसार बाबा रामदेव गरिबों को धन, निपुत्रों को पुत्र, अन्धों को आंखे और लुलों को पैर देते है।

विदेशी आक्रमणकारियों की आतंककारी गतिविधियां मध्यकाल में बहुत बढ़ने लगी, छोटे–छोटे राज्यों में वैमनस्य बढ़ता जा रहा था। तत्कालीन समाज में धार्मिक रूढ़िया अंधविश्वास, जातिवाद, वर्गभेद, ऊंचनीच, छुआछूत आदि अनेक सामाजिक बुराईयां व्याप्त थी। भील हरिजन, मेघवाल, ढोली, डूम, बलाई आदि दलित जातियों के साथ समाज में उच्च कहलाने वाली जातियों के भेद भावपूर्ण व्यवहार के कारण हिन्दू धर्म के प्रति अलगाव सा होने लगा था। अनेक मन्दिर, सार्वजनिक तालाब, कुओं, धर्मशालाओं आदि स्थानों पर प्रवेश वर्जित था। इनके घर बस्ती से दूर रखे जाते थे। इन्हीं कारणो से दलित जातियां समानता का संदेश देने वाले इस्लाम की और आकृष्ट होने लगी।[7]

इसी सामाजिक व्यवस्था से पीड़ित जनता को अत्याचारों से मुक्ति दिलवाने के लिए कुछ नर श्रेष्ठ आगे आये जिनका जन कल्याण करना ही एकमात्र उद्देश्य रहा। अपने इन्हीं आदर्शो से तथा संकट मोचन रूप के कारण ये समाज में लोकनायक के रूप में प्रतिष्ठित हो गये। ये लोकनायक अपने पौरूष, चमत्कृत कर देने वाले व्यक्तित्व के धनी थे तथा जन रक्षा गौधन एवं पशुधन की रक्षार्थ अपने प्राणों का उत्सर्ग कर प्रतिष्ठित और प्रसिद्ध हुए। ऐसे लोक देवताओं ने समाज में व्याप्त बुराईयों को समाप्त करने के लिए हिन्दू–मुस्लिम एकता को बनाये रखा।[8]



रामदेव जी ने छुआछूत और जाति–पाँति का विरोध करते हुए हिन्दू– मुस्लिम समन्वय कर प्रयास किया। इन्होंने रामदेवरा (रुणेचा) गाँव बसाया और वहीं 1458 ई. में' भाद्रपद शुक्ल एकादशी को रामसरोवर की पाल पर जीवित समाधि ले ली। वहाँ भाद्रपद शुक्ल द्वितीया (बाबा की बीज) को विशाल मेला लगता है। साम्प्रदायिक सद्इस मेले की मुख्य विशेषता है।[9]

रामदेव जी ने **'कामड़िया पंथ'** की स्थापना की। इस पंथ के लोगों द्वारा रामदेव जी के मेल में **'तेरहताली नृत्य'** प्रस्तुत किया जाता है। यह कामड़िया पंथ की महिलाओं द्वारा बैठकर किया जाने वाला नृत्य है जिसमें 13 मंजीरों को हाथा तथा पैरों पर बांधकर नृत्य किया जाता है।

रामदेवजी को हिन्दु 'कृष्ण का अवतार' मानते है और मुस्लिम 'रामशाह पीर' मानते हैं।[1] इनकें मेघवाल भक्तों को 'रीखिया' कहा जाता है। इन्होंने मूर्ति पूजा का विरोध किया।[10]



पूजत पत्थर ऊपर सब खोई, सुपने अकल नहीं आया।

**संदर्भ ग्रंथ :**


1. डॉ. कमलनयन शल्य एवं पवन भंवरिया, राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, पृ.सं. 31.
2. डॉ. हुकमचन्द जैन, राजस्थान का इतिहास, संस्कृति, परम्परा एवं विरासत, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2020, पृ.सं. 389.
3. शर्मा कालूराम, व्यास प्रकाश राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति पृ.सं. 306.
4. डॉ. पेमाराम – मध्यकालीन राजस्थान में धार्मिक आन्दोलन, अर्चना प्रकाशन 1977, पृ. 31.
5. शर्मा कालूराम, व्यास प्रकाश, राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति, श्याम प्रकाशन जयपुर, पृ. 306.
6. डॉ. पेमाराम – मध्यकालीन राजस्थान में धार्मिक आन्दोलन अर्चना प्रकाशन 1977, पृ. 31.
7. डॉ. कृष्ण बिहारी सहल – राजस्थानी लोक गाथा कोश, पृ.सं. 28.
8. सेवा सरोज– लोकतीर्थ समरसता फरवरी 2004, पृ. 65. 29.
9. डॉ. कमलनयन शल्य, राजस्थान का इतिहास एवं संस्कृति, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर, पृ.सं. 31.
10. डॉ. हुकमचन्द जैन, राजस्थान का इतिहास, संस्कृति, परम्परा एवं विरासत, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2020, पृ.सं. 389.
11. मारवाड़ क्षेत्र की यात्रा (जोधपुर, जैसलमेर) एवं साक्षात्कार।

# सामाजिक एवं बौद्धिक क्रांति के सूत्रधार वी.डी. सावरकर

डॉ. सुमन यादव

श्री विनायक दामोदर सावरकर भारतीय स्वाधीनता–संग्राम के एक तेजस्वी तथा अग्रणी नक्षत्र थे। 'वीर सावरकर' शब्द के स्मरण करते ही अनुपम त्याग, अदम्य साहस, महान् वीरता, एक उत्कट देशभक्ति से ओतप्रोत इतिहास के स्वर्णिम पृष्ठ हमारे सामने साकार होकर खुल पड़ते हैं।

वीर सावरकर न केवल स्वाधीनता–संग्राम के एक तेजस्वी सेनानी थे अपितु वह एक महान् क्रांतिकारी, चिंतक, सिद्धहस्त लेखक, कवि, ओजस्वी वक्ता तथा दूरदर्शी राजनेता भी थे। वह एक ऐसे इतिहासकार भी थे जिन्होंने हिंदू राष्ट्र की विजय के इतिहास को प्रामाणिक ढंग से लिपिबद्ध किया तो '1857 के प्रथम स्वातंत्र्य समर' का सनसनीखेज व खोजपूर्ण इतिहास लिखकर ब्रिटिश शासन को हिला डाला था।

इस महान् क्रांतिपुंज का जन्म महाराष्ट्र के नासिक जिले के ग्राम भगूर में चितपावन वंशीय ब्राह्मण श्री दामोदर सावरकर के घर 28 मई, 1883 को हुआ था। गांव के स्कूल में ही पांचवीं तक पढ़ने के बाद विनायक आगे पढ़ने के लिए नासिक चले गए।

सावरकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व के 2 पक्ष हैं 1. क्रांतिकारी, 2. हिन्दू राष्ट्रवाद का आख्यान उनके राजनैतिक जीवन को इस प्रकार विभक्त किया जा सकता है।

1. 1883–1906 – सामाजीकरण का काल

2. 1906–1910 – इंग्लैण्ड में क्रांतिकारी गतिविधियां

3. 1910–1924 – बन्दी जीवन

4. 1924–1937 – रत्नागिरी जिले में स्थानबद्धता एवं सामाजिक क्रांति

5. 1937–1966 – भारतीय राजनीति में भूमिका

लोकमान्य तिलक द्वारा संचालित 'केसरी' पत्र की उन दिनों भारी धूम थी। 'केसरी' में प्रकाशित लेखों को पढ़कर विनायक के हृदय में राष्ट्रभक्ति की भावनाएं हिलोरे लेने लगीं। लेखों, संपादकीयों व कविताओं को पढ़कर उन्होंने जाना कि भारत को दासता के चंगुल में

रखकर अंग्रेज किस प्रकार भारत का शोषण कर रहे हैं। वीर सावरकर ने कविताएं तथा लेख लिखने शुरू कर दिए। उनकी रचनाएं मराठी पत्रों में नियमित रूप से प्रकाशित होने लगीं। 'काल' के संपादक श्री परांजपे ने अपने पत्र में सावरकर की कुछ रचनाएं प्रकाशित कीं, जिन्होंने तहलका मचा दिया।

सन् 1905 में सावरकर बी.ए. के छात्र थे। उन्होंने एक लेख में विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का आह्वान किया। इसके बाद उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर विदेशी वस्त्रों की होली जलाने का कार्यक्रम बनाय।

सावरकर की योजना थी कि किसी प्रकार विदेश जाकर बम आदि बनाने सीखे जाएं तथा शस्त्रास्त्र प्राप्त किए जाएं। तभी श्री श्यामजी कृष्ण वर्मा ने सावरकर को छात्रवृत्ति देने की घोषणा कर दी। 9 जून, 1906 को सावरकर इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए। वह लंदन में 'इंडिया हाउस' में ठहरे। उन्होंने वहां पहुंचते ही अपनी विचारधारा के भारतीय युवकों को एकत्रित करना शुरू कर दिया। तथा 'फ्री इंडिया सोसाइटी' की स्थापना की।

सावरकर 'इंडिया हाउस' में रहते हुए लेख व कविताएं लिखते रहे। वह गुप्त रूप से बम बनाने की विधि का अध्ययन व प्रयोग भी करते रहे। उन्होंने इटली के महान् देशभक्त मैजिनी का जीवन–चरित्र लिखा। उसका मराठी अनुवाद भारत में छपा तो एक बार तो तहलका ही मच गया था।

1907 में सावरकर ने अंग्रेजों के गढ़ लंदन में 1857 की अर्द्धशती मनाने का व्यापक कार्यक्रम बनाया। 10 मई, 1907 को 'इंडिया हाउस' में सन् 1857 की क्रांति की स्वर्ण जयंती का आयोजन किया गया। भवन को तोरण–द्वारों से सजाया गया। मंच पर मंगल पांडे, लक्ष्मीबाई, वीर कुँवरसिंह, तात्या टोपे, बहादुरशाह जफर, नानाजी पेशवा आदि भारतीय शहीदों के चित्र थे। भारतीय युवक सीने व बांहों पर शहीदों के चित्रों के बिल्ले लगाए हुए थे। उनपर अंकित था – '1857 के वीर अमर रहें'। इस समारोह में कई सौ भारतीयों ने भाग लेकर 1857 के स्वाधीनता संग्राम के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय गान के बाद वीर सावरकर का ओजस्वी भाषण हुआ, जिसमें उन्होंने सप्रमाण सिद्ध किया कि 1857 में 'गदर' नहीं अपितु भारत की स्वाधीनता का प्रथम महान् संग्राम हुआ था।

सावरकर ने 1907 में '1857 का प्रथम स्वातंत्र्य समर' ग्रंथ लिखना शुरू किया। इंडिया हाउस के पुस्तकालय में बैठकर वह विभिन्न दस्तावेजों व ग्रंथों का अध्ययन करने लगे। उन्होंने लगभग डेढ़ हजार ग्रंथों के गहन अध्ययन के बाद इसे लिखना शुरू कियाा।

ग्रंथ की पांडुलिपि किसी प्रकार गुप्त रूप से भारत पहुंचा दी गई। महाराष्ट्र में इसे प्रकाशित करने की योजना बनाई गई। 'स्वराज्य' पत्र के संपादक ने इसे प्रकाशित करने का निर्णय लिया; किंतु पुलिस ने प्रेस पर छापा मारकर योजना में बाधा डाल दी। ग्रंथ की पांडुलिपि गुप्त रूप से पेरिस भेज दी गई। वहां इसे प्रकाशित कराने का प्रयास किया गया; किन्तु ब्रिटिश

गुप्तचर वहां भी पहुंच गए और ग्रंथ को प्रकाशित न होने दिया गया। ग्रंथ के प्रकाशित होने से पूर्व ही उसपर प्रतिबंध लगा दिया गया। अंततः 1909 में ग्रंथ फ्रांस से प्रकाशित हो ही गया। सावरकर इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए।

13 मार्च 1910 को लंदन के रेलवे स्टेशन पर पहुंचते ही सावरकर को बंदी बना लिया गया और ब्रिक्स्टन जेल में बंद कर दिया गया। उनपर लंदन की अदालत में मुकदमा शुरू हुआ। न्यायाधीश ने 22 मई को निर्णय दिया कि क्योंकि सावरकर पर भारत में भी कई मुकदमें हैं, अतः उन्हें भारत ले जाकर वहीं मुकदमा चलाया जाए। अंततः 29 जून को सावरकर को भारत भेजने का आदेश जारी कर दिया गया।

15 सितम्बर, 1910 को सावरकर पर मुकदमा शुरू हुआ। सावरकर ने स्पष्ट कहा कि भारत के न्यायालय से उन्हें न्याय की किंचित् भी आशा नहीं है, अतः वह अपना बयान देना व्यर्थ समझते हैं।

13 दिसम्बर को अदालत में उन्हें ब्रिटिश सरकार के विरूद्ध षड्यंत्र रचने, बम बनाने तथा रिवॉल्वर आदि शास्त्रास्त्र भारत भेजने आदि आरोपों में आजन्म कारावास की सजा सुना दी। उनकी तमाम संपत्ति भी जब्त कर ली गई।

23 जनवरी, 1911 को उनके विरूद्ध दूसरे मामले की सुनवाई शुरू हुई। 30 जनवरी को पुनः आजन्म कारावास की सजा सुना दी गई। इस प्रकार सावरकर को दो आजन्म कारावासों का दंड दे दिया गया।

कुछ माह बाद महाराजा नामक जलयान से सावरकर को अंदमान भेज दिया गया। अंदमान में उन्हें अमानवीय यातनाएं दी जाती थीं। कोल्हू में बैल की जगह जोतकर तेल फिरवाया जाता था, मूँज कुटवाई जाती थी। राजनीतिक बंदियों पर वहां किस प्रकार अमानवीय अत्याचार ढाए जाते थे, इसका रोमांचकारी वर्णन सावरकरजी ने अपने पुस्तक मेरा आजीवन कारावास में किया है।

सावरकरजी ने अंदमान में कारावास के ौरान अनुभव किया कि मुसलमान वॉर्डर हिंदू बंदियों को यातनाएं देकर उनका धर्म–परिवर्तन करने का कुचक्र रचते हैं। उन्होंने इस अन्यायपूर्ण धर्म–परिवर्तन का डटकर विरोध किया तथा बलात् मुसलिम बनाए गए अनेक बंदियों को हिंदू धर्म में दीक्षित करने में सफलता प्राप्त की। उन्होंने अंदमान की कालकोठरी में कविताएं लिखीं। 'कमला', 'गोमांतक' तथा 'विरहोच्छ्वास' जैसी रचनाएं उन्होंने जेल की यातनाओं से हुई अनुभूति के वातावरण में ही लिखी थीं। उन्होंने 'मृत्यु' को संबांधित करते हुए जो कविता लिखी वह अत्यंत मार्मिक व देशभक्ति से पूर्ण थी।

सावरकरजी ने अंदमान कारागार में होने वाले अमानवीय अत्याचारों की सूचना किसी प्रकार भारत के समाचारपत्रों में प्रकाशित कराने में सफलता प्राप्त कर ली। इससे पूरे देश में इन

अत्याचारों के विरोध में प्रबल आवाज उठी। अंत में दस वर्ष बाद 1921 में सावरकरजी को बंबई लाकर नजरबंद रखने का निर्णय किया गया। उन्हें महाराष्ट्र के रत्नागिरी स्थान में नजरबंदी में रखने के आदेश हुए।

रत्नागिरी जिले में स्थानबद्धता एवं सामाजिक क्रान्ति बन्दी जीवन (1910–37 ई.) से मुक्ति के बाद सावरकर के राजनीतिक जीवन–वृत्त का चतुर्थ भाग प्रारम्भ होता है। बम्बई सरकार के प्रस्ताव संख्या 724 दिनांक 4 जनवरी 1924 के अन्तर्गत सावरकर को इस शर्त पर रत्नागिरी जिले की सीमा में स्थानबद्ध किया गया कि वे 5 वर्ष तक किसी भी राजनीतिक गतिविधि में भाग नहीं लेंगे तथा पांच वर्ष के बाद इस प्रतिबन्ध का नवीनीकरण किया जा सकेगा।1

यह कालखण्ड सावरकर के सामाजिक चिन्तन के क्रियात्मक पक्ष की अभिव्यक्ति का कालखण्ड है। यद्यपि उनका कार्यक्षेत्र रत्नागिरी जिले तक स्थानबद्ध था, तथापि उन्होंने भारतीय समाज की ज्वलन्त समस्याओं के निराकरण के लिए साहसिक अभियान प्रारम्भ किया। इस कालखण्ड में उनके सामाजिक चिन्तन के व्यावहारिक पक्ष के तीन बिन्दु उल्लेखनीय है।

**(क)** उनहोंने मुस्लिम साम्प्रदायिक राजनीति का विरोध किया। उनके अनुसार महात्मा गांधी ने खिलाफत आन्दोलन के मुस्लिम नेताओं के प्रति तुष्टिकरण की नीति को अपनाया। सावरकर की मुस्लिम साम्प्रदायिक राजनीति के विरोध की पृष्ठभूमि का निर्माण खिलाफत के मुस्लिम नेताओं द्वारा हिन्दुओं के बलात धर्म–परिवर्तन के कारण हुआ था।

इस संदर्भ में ब्रिटिश संसद में 31 अक्टूबर एवं 10 नवम्बर, 1921 को प्रश्न पूछे गए कि मोपला नेताओं द्वारा कितने हिन्दुओं का बलात् धर्मान्तरण किया गया।2 वायसराय ने भारत सचिव (लंदन) को तार संख्या 1078 दिनांक 11 नवम्बर, 1921 को सूचित किया कि धर्मान्तरित हिन्दुओं की संख्या 500 से ज्यादा भी हो सकती है। जिला दण्डनायक के अनुसार धर्मान्तरण का विरोध करने के कारण अनेक हिन्दुओं की हत्या कर दी गई।3

मद्रास सरकार ने तार संख्या 184 दिनांक 11 जनवरी, 1922 को गृह सचिव, भारत सरकार को सूचित किया कि बलात् धर्मान्तरित हिन्दुओं की संख्या हजारों में हो सकती है।4

धर्मान्तरण के प्रसंग में मौलाना शौकतअली और सावरकर के बीच नवम्बर, 1924 की भेंट–वार्ता अत्यन्त रोचक है। मौलाना ने सावरकर से हिन्दू संगठन कार्य को बन्द करने का सुझाव दिया, प्रत्युत्तर में सावरकर ने उन्हें खिलाफत आन्दोलन एवं हिन्दुओं के बलात् धर्मान्तरण को बन्द करने के लिए कहा। सावरकर की इस प्रतिक्रिया से मौलाना असन्तुष्ट हो गए।5

मुसलमानों द्वारा मस्जिद के सामने के मार्ग से बैंड बाजा या संगीतमय धार्मिक उत्सव के निकालने के विरोध का भी सावरकर ने प्रतिरोध किया और समान नागरिक अधिकारों के

आधार पर जिला प्रशासन ने सावरकर के तर्कों का समर्थन किया।6

डॉ. अम्बेडकर के अनुसार समस्त मुस्लिम देशों में बिना आपत्ति के मस्जिदों के सामने संगीत का प्रदर्शन होता है।7

सावरकर ने बलात् धर्म परिवर्तन का विरोध किया और इसकी प्रतिक्रियास्वरूप शुद्धि आन्दोलन को प्रारम्भ किया।8

मार्च, 1927 में रत्नागिरी में महात्मा गांधी और वीर सावरकर के मध्य वार्ता हुई। वार्तालाप के दौरान गांधी ने बलात् धर्म परिवर्तन का विरोध किया और सावरकर के शुद्धि आन्दोलन (नूतन धर्मान्तरित लोगों के) का समर्थन किया।9

**(ख)** सावरकर ने रत्नागिरी जिले में हिन्दू संगठन का कार्य प्रारम्भ किया और रत्नागिरी हिन्दू सभा के मंच से हिन्दुत्व के सिद्धान्तों का प्रचार–प्रसार प्रारम्भ किया।10 हिन्दू संगठन कार्यक्रम के प्रमुख तत्व–जाति, उपजाति, पन्थ एवं सम्प्रदायों में विभक्त हिन्दू समाज का एकीकरण, अस्पृश्यता उन्मूलन और शुद्धि आन्दोलन है। शुद्धि आन्दोलन का विरोध करने पर सावरकर ने प्रत्युत्तर दिया कि ईसाई मिशनरियों एवं मौलवियों ने हिन्दुओं के धर्मान्तरण का कार्य करके सामाजिक असन्तोष को जन्म दिया जो प्रत्यावर्तन आन्दोलन का ही परिणाम है। बम्बई के राज्यपाल सर विल्सन ने सावरकर के तर्कसम्मत उत्तर का समर्थन किया था।11 हिन्दू–संगठन के सन्दर्भ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. हैडगेवार ने भी उनसे संघ की स्थापना पूर्व रत्नागिरी में भेंट की थी।12

**(ग)** सावरकर न केवल राजनीतिक क्रान्तिकारी थे, वरन् सामाजिक क्रान्तिकारी भी थे। उन्होंने इस कालखण्ड में हिन्दू सामाजिक कुरीतियों एवं अस्पृश्यता के उन्मूलन के लिए प्रबल अभियान प्रारम्भ किया। उन्होंने रूढ़िवादी सनातनधर्मी लोगों के विरोध के बावजूद रत्नागिरी जिले में सवर्ण एवं अस्पृश्य दोनों वर्गों के बालकों के लिए मिश्रित विद्यालयों का समर्थन किया, सवर्णों के विद्यालय में अस्पृश्य अध्यापक के स्थानान्तरण का समर्थन किया, अछूतों के मंदिर में प्रवेश कार्यक्रम का सूत्रपात 1925 में किया, हिन्दू मात्र के दर्शनार्थ ''पतित पावन मन्दिर'' का निर्माण फरवरी, 1931 में कराया। मन्दिर के उद्घाटन समारोह (22 फरवरी, 1931) पर अस्पृश्य महार ने वैदिक मंत्र पढ़े और ब्राह्मणों ने उन्हें माल्यार्पण किया। सावरकर का यह कार्य युगान्तकारी था। उन्होंने अन्तर–जातीय सहभोज का आयोजन 1930 में किया। तिलक द्वारा स्थापित गणपति उत्सव को अखिल हिन्दू उत्सव का स्वरूप प्रदान किया। इस अवसर पर महिलाओं ने अछूतों का स्वागत हल्दी–कुमकुम का तिलक लगाकर किया और एक भंगी ने वेद–मंत्र पढ़े।13

इस प्रकार सावरकर ने हिन्दू समाज की सात जंजीरों को तोड़ने का सफल प्रयास किया जो हिन्दू समाज की प्रगति में बाधक थी।

1. मंदिर प्रवेश के लिए संघर्ष,

2. अन्तरजातीय सहभोज का आयोजन,

3. शुद्धि आन्दोलन को लोकप्रिय बनाना,

4. अन्तरजातीय विवाह का समर्थन,

5. जाति पर आधारित ऊंच–नीच के विचार का प्रबल विरोध,

6. जातिगत व्यवसायों की बाध्यता का विरोध

7. धार्मिक आधार पर समुद्र–यात्रा के निषेध का विरोध।14

सावरकर के समाज–सुधार कार्यों का डॉ. अम्बेडकर ने भी समर्थन किया एवं सराहना की।15

कोहाट के दंगों के संदर्भ में सावरकर का लेख ''मराठा'' में दिनांक 1 मार्च, 1925 को प्रकाशित हुआ। इस लेख में उन्होंने कोहाट में हिन्दुओं के बलात् धर्म–परिवर्तन, हत्या एवं हिन्दू महिलाओं के साथ बलात् विवाह का वर्णन किया। लेख के कारण सावरकर को चेतावनी दी गई कि वे भविष्य में ऐसे लेख नहीं लिखे।16

बम्बई सरकार ने रत्नागिरी में सावरकर की स्थानबद्धता की अवधि को 5 जनवरी 1929 से 2 वर्ष के लिए बढ़ा दी।17 पुनः बम्बई सरकार ने जन–शान्ति के हित में सावरकर की स्थानबद्धता की अवधि का नवीनीकरण 2 वर्ष के लिए 4 जनवरी 1931 से एवं पुनः 4 जनवरी 1933 से 2 वर्ष के लिए किया।18

अन्त में 14 वर्ष के बन्दी जीवन और 13 वर्ष की स्थानबद्धता के बाद, जीवन के उत्तरार्द्ध में यानी 54 वर्ष की आयु में बम्बई सरकार ने विशेष विभाग के प्रस्ताव संख्या 1251 दिनांक 8 मई, 1937 के अनुसार, सावरकर को बन्धन मुक्त करने के आदेश जारी किए। वे 10 मई, 1937 को अर्थात् 27 वर्ष के बाद बन्धन मुक्त हुए, ''सावरकर मुक्ति अभियान'' में जमनादास मेहता का विशेष योगदानन रहा।

सावरकर एक महान् समाज सुधारक भी थे उनका दृढ़ विश्वास था कि सामाजिक एवं सार्वजनिक सुधार पर्याप्त महत्व रखते है तथा एक दूसरे के पूरक है उस समय समाज में बहुत सी कुरीतियाँ और बेड़ियों के बंधनों में जकड़ा हुआ था। इस कारण हिन्दू समाज बहुत ही दुर्बल हो गया था। अपने भाषणों, लेखों व कृत्यों से उन्होंने समाज सुधार के निरन्तर प्रयास किए। हालांकि यह भी सत्य है कि सावरकर ने सामाजिक कार्यों में तब ध्यान लगाया, जब उन्हें राजनीतिक कार्यों से निषेध कर दिया गया था। किन्तु उनका समाज सुधार जीवन पर्यन्त चला। 1924 से 1937 का समय उन्होंने समाज सुधार को समर्पित किया।

सावरकरजी हिन्दू समाज में प्रचलित जाति भेद एवं छुआछूत के घोर विरोधी थी। बम्बई को पतितपावन मन्दिर इसका जीवन्त उदाहरण है, जो हिन्दू धर्म की प्रत्येक जाति के लोगों के

लिए समान रूप से खुला है।

रत्नवागिरी जिले में स्थानाबद्धता का कालखण्ड ;1924.37द्ध सावरकर के सामाजिक चिन्तन की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

इस कालखण्ड की प्रमुख विशेषता यह थी कि क्रांति के आग्नेय जीवन–पथ के पथिक होते हुए भी उनमें प्रखर साहित्यिक प्रतिभा थी। स्थानबद्धता के दौरान उन्होंने निम्न गंथ लिखे–

| | |
|---|---|
| ''उःशाप'' (1927) | सामाजिक नाटक लिखा। इसमें जाति प्रथा पर कटु प्रहार किया गया है तथा अस्पृश्यता–उन्मूलन पर बल दिया गया है। |
| ''शस्त्र और शास्त्र | (मराठी में ''सन्यस्त खड्ग 1931'') में अत्यंतिक अंहिसा के सिद्धान्त का विरोध किया गया है। |
| ''हिन्दू पदपादशाही'' | ;1925द्ध इतिहास ग्रंथ, हिन्दू साम्राज्य के उत्थान और पतन की गौरवशाली गाथा है। |
| ''कालापानी'' | उपन्यास की पृष्ठभूमि अन्दमान का बन्दी जीवन है और स्थानबद्धता के काल में ही उन्होंने ''माझी जन्मठेप'' (हिन्दी अनुवाद, ''आजन्म कारावास'') लिखा। इसमें अन्दमान के कारावास में भोगी गई शारीरिक तथा मानसिक यातनाओं का वृत्तान्त है। |
| ''गोमान्तक'' (1924) | गोवा की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर लिखा गया खण्ड काव्य है। |
| ''मोप ला'' (1926) | में मालाबार के मोपलों के विद्रोह एवं उनके द्वारा किए हिन्दुओं के बलात् धर्म– परिवर्तन का मार्मिक वर्णन है। |

सावरकर के मराठी साहित्य की समृद्धि में योगदान का मूल्यांकन करते हुए मराठी साहित्य सम्मेलन के पूर्व अध्यक्ष जी.टी. मदखोलकर ने लिखा कि गत 75 वर्षों में महाराष्ट्र ने आठ महान् लेखकों को जन्म दिया, उसमें से एक सावरकर थे।''19

सावरकर ने 10,000 से अधिक पन्ने मराठी भाषा में तथा 1500 से अधिक पन्ने अंग्रेजी में लिखा है बहुत कम मराठी लेखकों ने इतना मौलिक लिखा है सावरकर की प्रमुख पुस्तकें जो उपलब्ध

हैं इस प्रकार है– अखण्ड सावधान असावे, 1857 व स्वातंत्र्यसमर, अंदमानच्या अंधेरीतून, अंधश्रद्धा भाग–प्रथम, अंधश्रद्धा भाग–2, संगीत उत्तरक्रिया, संगीत 3, शाप, ऐतिहासिक निवेदने, काळे पाणी, क्रान्तिघोष, गरमागरम चिवड़ा, गांधी आणि गोधळ, जात्युच्छेदक निबन्ध, जोसेफ मंझिनी, तेजस्वी तारे, प्राचीन अर्वाचीन महिला, भारतीय इतिहासातील सहा सोनेरी पाने, भाषाशुद्वी, महाकाव्यकमला, महाकाव्य गोमान्तक, माझी जन्मठेप, माइया आठवणी– नाशिक; माइया आठवणी– पूर्वपीठिका; माइया आठवणी–भगूर, मोपल्याचे बंड', रणशिंग लडनची बातमीपन्ने, विविध भाषणे, विविध लेख, विज्ञाननिष्ठ निबन्ध, शत्रूच्या शिविरात, सचस्त खड्ग आणि बोधिवृक्ष', सावरकराची पत्रे, सावरकराच्या कविता, स्फुट लेख, हिंदुत्व, हिंदु त्वाचे पंचप्राण, हिंदुपदपादशाही, हिंदुराष्ट्र दर्शन, क्ष–किरणें।

इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेस–1857' सावरकर द्वारा लिखित पुस्तक है जिसमें उन्होंने सनसनीखेज व खोजपूर्ण इतिहास लिखकर ब्रिटिश शासन को हिला डाला था। अधिकांश इतिहासकारों ने 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को एक सिपाही विद्रोह या अधिकतम भारतीय विद्रोह कहा था। दूसरी ओर भारतीय विश्लेषकों ने भी इसे तब तक एक योजनाबद्ध राजनीतिक एवं सैन्य आक्रमण कहा था, जो भारत में ब्रिटिश राज्य के ऊपर किया गया था।

'हिंदुत्व', 'हिंदु पदपादशाही', 'उ. श्राप', 'उत्तरकिया', 'संन्यस्त खड्ग' आदि ग्रंथ उन्होंने रत्नागिरी में ही लिखे। 10 मई, 1937 को सावरकरजी की नजरबंदी रद्द की गई।

नजरबंदी से मुक्त होते ही सावरकरजी का भव्य स्वागत किया गया। अनेक नेताओं ने उन्हें कांग्रेस में शामिल करने का प्रयास किया; किंतु उन्होंने स्पष्ट कह दिया, 'कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति पर मेरे तीव्र मतभेद हैं। मैं हिंदू महासभा का ही नेतृत्व करूंगा।'

30 दिसंबर, 1937 को अहमदाबाद में आयोजित अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अधिवेशन में सावरकरजी सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने 'हिंदू' की सर्वश्रेष्ठ व मान्य परिभाषा की। हिंदू महासभा के मंच से सावरकरजी ने 'राजनीति का हिंदूकरण और हिंदू सैनिकीकरण' का नारा दिया।

सावरकर के प्रमुख कार्य

• वीर सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के केन्द्र लन्दन में उसके विरूद्ध क्रांतिकारी आन्दोलन संगठित किया।

• वे भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सन् 1905 के बंग–भंग के बाद सन् 1906 में स्वदेशी का नारा दिया और विदेशी कपड़ों की होली जलाई।

• वे भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने पूर्ण स्वतंत्रता की मांग की।

• वे भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 1857 की लड़ाई को भारत का प्रथम स्वाधीनता संग्राम बताते हुए 1907 में लगभग 1000 पृष्ठों का इतिहास लिखा।

• वे भारत के पहले और दुनिया के एक मात्र लेखक थे जिनकी पुस्तक को प्रकाशित होने से पहले ही ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबन्धित कर दिया था।

• वे दुनिया के पहले राजनैतिक कैदी थे जिनका मामला हेग के अन्र्तराष्ट्रीय न्यायालय में चला था।

• वे पहले भारतीय राजनैतिक कैदी थे जिसने एक अछूत को मन्दिर का पुजारी बनाया था।

• सावरकर महात्मा गांधी के कटर आलोचक थे। उन्होंने अंग्रेजो द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के समय जर्मनी के विरूद्ध हिंसा को गांधीजी द्वारा समर्थन किए जाने को पाखण्ड करार दिया।

सावरकर ने अपने ग्रंथ 'हिन्दूत्व' के पृष्ठ 81 पर लिखा है कि –कोई भी व्यक्ति बगैर वेद में विश्वास किए भी सच्चा हिन्दू हो सकता है, उनके अनुसार केवल जातीय सम्बन्ध या पहचान हिन्दूत्व को परिभाषित नहीं कर सकता है बल्कि किसी भी राष्ट्र की पहचान के तीन आधार होते है–भौगोलिक एकता,जातीय गुण और साझा संस्कृति।

26 फरवरी, 1966 को भारतीय इतिहास के इस अलौकिक महापुरूष ने इस संसार से विदा ले ली। अपनी अंतिम वसीयत में भी उनहोंने हिंदू संगठन व सैनिकीकरण के महत्व, शुद्धि की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। भारत को पुनः अखंड बनाए जाने की उनकी आकांक्षा रही।

ऐसे वीर पुरूष का व्यक्तित्व और कृतित्व आज भी हमारे ल्लिए पथ–प्रदर्शक का काम करने में सक्षम है।

संदर्भ

1. वी.डी. सावरकर की मुक्ति, गृह विभाग : राजनीतिक, फाइल सं. 8, 1924 ई. (राष्ट्रीय अभिलेखागार)

2. गृह विभाग : राजनीतिक, फाइल सं. 241–12/1921 (राष्ट्रीय अभिलेखागार)

3. उपर्युक्त, पृ. 4

4. गृह विभाग : राजनीतिक, फाइल सं. 241–24/1922 (राष्ट्रीय अभिलेखागार)

5. धनजंय कीर (पूर्ववर्णित), पृ. 168–69

6. धनजंय कीर (पूर्ववर्णित), पृ. 173

7. बी.आर. अम्बेडकर, पाकिस्तान और पार्टिशन ऑफ इंडिया, (बम्बई, थेकर एण्ड कम्पनी, 1946), पृ. 269

8. धनजंय कीर (पूर्ववर्णित), पृ. 179–80

9. उपर्युक्त, पृ. 176–77

10. उपर्युक्त, पृ. 171

11. धनजंय कीर (पूर्ववर्णित), पृ. 180–181

12. उपर्युक्त, पृ. 170–171

13. धनजंय कीर (पूर्ववर्णित), पृ. 178–79; 181–87

14. उपर्युक्त, पृ. 194

15. उपर्युक्त, पृ. 195

16. गृह विभाग : राजनीतिक फाइल संख्या – 91/1/1925 (राष्ट्रीय अभिलेखागार)

17. गृह विभाग : राजनीतिक फाइल संख्या – 36/2/1929 (राष्ट्रीय अभिलेखागार)

18. गृह विभाग : राजनीतिक फाइल संख्या – 51/1933 (राष्ट्रीय अभिलेखागार)

19. गृह विभाग : राजनीतिक फाइल संख्या – 44/41/1937 (राष्ट्रीय अभिलेखागार)स्थान के पंच पीरो में से एक है जिन्हें 'पीरो का पीर' कहा जाता है

**लेखिका परिचय–**

आपने राजस्थान विश्वविद्यालय के इतिहास एवं भारतीय संस्कृति विभाग से एम.ए. (इतिहास) परीक्षा तथा सन 1995 में, इसी विश्वविद्यालय से एम.फिल (इतिहास) परीक्षा उत्तीर्ण की। इसी वर्ष राजस्थान लोक सेवा आयोग से SLET परीक्षा उत्तीर्ण की। सन् 1997 ई. में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित NET परीक्षा उत्तीर्ण की तत्पश्चात राजस्थान विश्वविद्यालय से पीएच.डी की उपाधि के लिए शोध कार्य पूर्ण किया। आप सन् 1995 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं में अनवरत अध्यापन कार्य कर रही है। आपने राजकीय पी.जी. महाविद्यालय सवाई माधोपुर, महात्मा ज्योतिराव फुले विश्वविद्यालय जयपुर में इतिहास विषय का अध्यापन कार्य किया। आपके लेख विभिन्न प्रतिष्ठित शोध पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए तथा विविध संगोष्ठियों में शोध पत्र–वचन वह सहभागिता रही है।

**संप्रतिः** सह–आचार्य, इतिहास विभाग, एस.एस. जैन सुबोध पी.जी. (स्वायत्तशासी) महाविद्यालय, जयपुर।

# भारतीय इतिहास में वीरांगना–एक विवेचन

**डॉ. सुप्रिया चौधरी**

**सार संक्षेप**

किसी राष्ट्र की ससंकृति एवं आत्मा के सार के मूल्यांकन का सर्वाधिक सशक्त माध्यम उस राष्ट्र में महिलाओं की स्थिति को माना गया है। नारी समाज की आधारशिला हैं। भारतीय संस्कृति और इतिहास में नारी का एक रूप सती सावित्री का है, तो दूसरा रूप दुर्गा, लक्ष्मीबाई का है। भारतभूमि का इतिहास जहाँ पुरूषों की वीरगाथाओं से भरा हैं, वही दूसरी तरफ भारत की वीरांगानाओं की भी असंख्य गाथाएँ और चरित्र है परन्तु इतिहास में इन भारत की वीरांगनाओं की शोर्यपूर्ण कहानियाँ बिखरी हुयी है। प्राचीनकाल से लेकर मध्यकाल तथा ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में असंख्य साहसी महिलाओं ने अपने–अपने समय में, अपने क्षेत्र में साहस का परिचय देते हुए अन्याय, शोषण के विरूद्व अदम्य साहस का परिचय दिया। अपने आत्मसम्मान, गौरव व राष्ट्र प्रेम को जीवित रखने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये भारतीय इतिहास की इन्हीं कुछ साहसी वीरांगनाओं की गौरव गाथा का संक्षिप्त वर्णन प्रस्तुत शोधपत्र के माध्यम से किया गया है।

**संकेताक्षर :** वीरांगना, शौर्य, यौद्धा, विशपाला, क्रान्तिकारी

**परिचय**

नारी समाज की आधारशिला है। मानव सभ्यता के विकास में नारी की महती भूमिका रही है। अपने विविध रूपों में नारी पुरूष को सवंर्द्धन, प्रोत्साहन और शक्ति प्रदान करती रही है। भारतीय संस्कृति में सती सावित्री आदर्श को एक पतिव्रता, त्यागमयी एवं निष्ठावान पत्नी स्वरूप माना गया है, वहीं दूसरी ओर भारतीय स्त्री वीरांगना स्वरूप महिला योद्धा का प्रतीक रही है। वीरों की जननी भारतभूमि का इतिहास जहाँ पुरूषों की वीरता, शौर्य एवं साहस के असंख्य किस्सों से परिपूर्ण है, वहीं भारतीय वीरांगनाओं की शौर्य गााथाओं की स्वर्णिम आभा को समुचित तेज के साथ प्रकट करने में विफल रहा है। प्राचीनकाल से लेकर विशेषतः मध्यकाल व ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में अनेक साहसी महिला वीरांगनाओं ने अपने शौर्य का उदाहरण प्रस्तुत किया।

## विषय–वस्तु

भारतीय सांस्कृतिक परम्परा में भारतीय नारी का एक रूप सती सावित्री का है, जो पतिव्रता, त्यागमयी एवं निष्ठावान पत्नी है। वहीं दूसरी तरफ वीरांगना, जो एक साहसी नारी यौद्धा है, ये भारतीय नारी का दूसरा रूप है। भारतीय वीरांगना का मुख्य लक्षण उसकी वीरता और शौर्य है, जो उसे एक साहसी यौद्धा के रूप में प्रस्तुत करता है। भारतीय वीरांगना निडर, व्यक्तित्व वाली स्त्री है, जो वास्तविक युद्ध में भी भाग लेती है। युद्ध और शान्ति दोनों अवस्थाओं में वह पुरूषों और स्त्रियों दोनों का ही नेतृत्व करती है। भारतीय इतिहास अनेक ऐसी वीरांगनाओं के उदाहरणों से भरा है, जो कि यथेष्ट सम्मान, आदर तथा जय–जयकार की पात्र रही है, क्योंकि उन्होंने देश के लिए सर्वस्व बलिदान किया। प्राचीन भारत के इतिहास को देखे तो, ऋग्वेद में यौद्धा रानी विशपाला का उल्लेख मिलता है। विशपाला राजा खेला की पत्नी थी।1 विशपाला ने युद्ध में अपना एक पैर खो दिया था, जहाँ बाद में अश्वनि ने लोहे का पैर लगाया था। मुदगल की पत्नी मुद्गलिनी एक अन्य वीरांगना थी, जिसने अपने पति का रथ हाँका था। उसे यह श्रेय प्राप्त है कि उसने अपने पति के शत्रुओं को पराजित किया था।2 अन्य कई उदाहरण है, जो महिलाओं की शूरवीरता से सम्बन्धित है।3

मध्यकालीन भारतीय इतिहास में वीरांगना नारी का विरल एवं स्पष्ट उदाहरण रजिया सुल्तान का है, जो कि सल्तनत काल की पहली महिला शासिका थी। रजिया तुर्की सामंतों के पुरूष प्रधानकाल में राज्य करती थी। रजिया योग्य पिता की योग्य पुत्री थी। प्रसिद्ध सल्तनतकालीन इतिहासकार मिनहाजुसिराज के शब्दों में, ''वह एक महान शासक, बुद्धिमती, न्यायप्रिय, उदार, विद्वानों की आश्रयदात्री प्रजा–शुभचिन्तक, सैनिक गुण–सम्पन्न तथा उन सभी गुणों से परिपूर्ण थी, जो एक शासक के लिए आवश्यक है। भारत के मुस्लिम इतिहास में वह पहली स्त्री थी, जो दिल्ली के सिंहासन पर बैठी। रजिया के पिता इल्तुतमिश सल्तनकाल के तेरहवीं शताब्दी के एक शक्तिशाली शासक थे। प्रो. आर.पी.त्रिपाठी के शब्दों में ''भारत में मुस्लिम सम्प्रभुता का इतिहास उसी से आरम्भ होता है।''4 बचपन से ही रजिया पिता की चहेती थी। अतः उसे राजकुमारों की भांति शिक्षा दी गयी थी। इल्तुतमिश ने रजिया को राजनीति, प्रशासन और शासन की कला में निपुण किया था। रजिया ने अपनी वीरता और शक्ति का प्रदर्शन अनेकों अभियानों में किया था। इल्तुतमिश ने रजिया को अपना उत्तराधिकारी नियुक्त किया और इस दिशा में उसने सिक्कों पर अपने नाम के साथ ही रजिया का नाम भी अंकित करवाया था।5 1236 ईं में इल्तुतमिश की मृत्यु के बाद रजिया दिल्ली की गद्दी पर बैठी। परन्तु उसे इसके लिए अपनी माँ शाह तुर्कन और उनका सहयोग करने वाले सामंतों से लड़ना पड़ा, जो रजिया के भाई रूक्नुद्दीन फिरोज को गद्दी पर बैठाना चाहते थे। रूक्नुद्दीन ने लगभग सात महीने शासन के बाद शक्ति रजिया से हथिया ली।

इस्लामी परम्पराओं में पहली बार एक स्त्री शासक बनी। परन्तु इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह थी कि रजिया के चुनाव में पहली बार दिल्ली सल्तनत की जनता ने निर्णय लिया था

और जनता ही उसके समर्थन और शक्ति का मुख्य आधार बनी रही। रूढीवादी तुर्की सामंत एक महिला का आदेश मानने की बात को गले नहीं उतार पर रहे थे। एक महिला उन पर राज करे, यह बात उन्हें स्वीकार नहीं थी। परन्तु रजिया ने जनता का विश्वास जीत लिया था। अपने शासन के प्रारम्भ से ही रजिया ने अपनी कुशलता और राजनीतिक चतुराई दिखाई, जो एक सुल्तान के लिए आवश्यक थी। प्रान्तीय सामन्तों ने विद्रोह किया। विद्रोही तत्वों को दबाकर अपनी राजनीतिक दूरदर्शिता का परिचय दिया। जैसे कि मिन्हाज ने लिखा है कि ''लखनौती से देवल तक समस्त मलिकों और अमीरों ने उसकी सत्ता स्वीकार कर ली।''6 इसके बाद रजिया ने शासन को शक्तिशाली बनाने और सुल्तान के सम्मान में वृद्धि की दिशा में कदम उठाये। इसलिए उसने पर्दा और हरम प्रथा का त्याग किया, और मर्दाने कपड़े पहन कर दरबार लगाना शुरू किया, वह सार्वजनिक रूप से हाथी की सवारी करने लगी। एक शासक ने रूप में स्वंय की दृढ़ता और निपुणता को सिद्ध किया। यहाँ ध्यान देने वाली बात यह है कि रजिया केवल प्रशासनिक कार्यो में ही निपुण नहीं थी अपितु उसे युद्ध क्षेत्र में भी महारथ हासिल थी।

दृढ़ता व कुशलतापूर्वक शासन करने के बावजूद रजिया का नाम सुल्तानों की सूची में फिरोजशाह तुगलक ने शामिल नहीं किया है, क्योंकि वह महिला थी। एक महान शासक, उदार, ज्ञानी, चतुर, न्याय प्रबन्धक, राज्य हितैषी, अपनी जनता का बचाव करने वाली और अपनी सेनाओं को नेतृत्व करने वाली होने के बावजूद वह पुरूष नहीं थी, इसलिए सब गुण बेमानी हो गये थे। कुछ इतिहासकारों ने रजिया के पतन का कारण उसका प्रेम संबंध बताया। जिसमें इसामी अग्रणी थे। परन्तु जैसा कि प्रो. निजामी ने लिखा है ''अविवाहित इसामी के नारी–द्धेषी विचारों पर कोई विश्वास नहीं किया जा सकता।''7 अततः एक छोटे से कार्यकाल के बाद (1236–40) विरोधियों द्धारा उसकी हत्या कर दी गयी।8

भारतीय इतिहास की दूसरी प्रभावी महिला थी, रानी दुर्गावती (सोलहवीं शताब्दी) जो गोण्डवाना के राजा दलपत सिंह की पत्नी थी। दुर्गावती चंदेल वंश की राजकुमारी थी, राजपूत मुखिया की पुत्री, जो भारत के प्रमुख शक्तिशाली राज्यों में एक था। रानी दुर्गावति अपने पिता की तरह ही घुड़सवारी और शिकार प्रिय थी। गोण्ड़ राजा दलपत सिंह से विवाह के प्रस्ताव पर दोनों में मतभेद हुआ था, क्योंकि राजा दलपत सिंह का सामाजिक स्तर इनसे निम्न था। दुर्गावती का गैर पारम्परिक विवाह इस बात की पुष्टि करता है कि वह एक स्वतन्त्र महिला थी, जिसने समकालीन समाज में पिता से निम्न सामाजिक स्तर के व्यक्ति से अपनी पंसद से विवाह किया। उसने साहस, योग्यता व व्यवहार को महत्व दिया, जो कि उसका एक साहसिक कदम था।

विवाह के 4 वर्ष पश्चात ही दलपत सिंह की मृत्यु हो गयी। रानी दुर्गावति ने राज्य को सम्भाला। लगभग 15 वर्ष तक दुर्गावती ने सफलतापूर्वक शासन कर राज्य की समृद्धि और शक्ति में वृद्धि की।9 शासनकाल के प्रारम्भ में ही मालवा के राजा बाज बहादुर ने दुर्गावती के

